अधीक्षण अभियंता, उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर द्वारा दिनांक – 06.03.2026 को पथ प्रमंडल संख्या – 1 / 2, मुजफ्फरपुर / सीतामढ़ी एवं शिवहर अंतर्गत चालू कार्यों का निरीक्षण प्रतिवेदन |

**उपस्थिति**

1. ई० विजय शंकर, प्राक्कलन पदाधिकारी, उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर |
2. ई० भूपेन्द्र राय, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल संख्या – 2, मुजफ्फरपुर |

(A) **काँटी (NH – 28) – रघईघाट (0 to 9.70 km) तक शिवहर – मीनापुर – काँटी पथ**

(1) ई० भूपेन्द्र राय, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल संख्या – 2, मुजफ्फरपुर |

(2) ई० राशनारायण बैठा, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या – 1, मुजफ्फरपुर |

(B) **शिवहर – मीनापुर – काँटी पथ (20.43 to 29.80 km, कुल लम्बाई – 9.37 km)**

(1) ई० अमोद कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या – 2, मुजफ्फरपुर |

(2) ई० ब्रजेश कुमार पाण्डेय, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या – 2, मुजफ्फरपुर |

(C) **शिवहर – मीनापुर – काँटी पथ (0.00 to 20.43 km, कुल लम्बाई – 20.43 km)**

(1) ई० मृत्युंजय कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, शिवहर |

(2) ई० सुजीत कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर |

(3) ई० अशोक प्रसाद सिंह, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर |

(4) श्री आनंद कुमार, संवेदक प्रतिनिधि, मे० गणेश राम दोकानिया |

(D) **सीतामढ़ी – रीगा - ढेंग पथ के CH – 16 वें एवं 17 वें km में 900 x 750 mm आकर के नाला निर्माण**

(1) ई० विवेक कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी |

1. **काँटी (NH – 28) – रघईघाट (0 to 9.70 km) तक शिवहर – मीनापुर – काँटी पथ**

(क) प्रारम्भ बिन्दु :- NH – 27 (काँटी ओवर ब्रिज के निचे से)

(ख) अंतिम बिन्दु :- शिवहर – मीनापुर पथ तक

(ग) पथ की लम्बाई :- 9.70 कि०मी०

(घ) कार्यारम्भ की तिथि :- 05.06.2025

(ङ) कार्य समाप्ति की तिथि :- 04.12.2026

(च) संवेदक का नाम :- M/S अम्बर इन्फ्राप्रोजेक्ट प्रा० लि०

यह पथ NH – 27 काँटी से प्रारम्भ होकर शिवहर – मीनापुर पथ को जोड़ती है | पथ प्रमंडल संख्या – 1, मुजफ्फरपुर के क्षेत्राधीन इस पथ की कुल लम्बाई 9.70 कि०मी० है एवं पथ क्रस्ट की चौड़ाई 7 मी० है | इस पथ में "प्रगति यात्रा" अन्तर्गत चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य प्रगति पर है |

कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि पथ के 3रे कि०मी० पथांश में L.H.S. में लगभग 600 m C&G, G.S.B., एवं electric pole shifting का कार्य किया गया है | पेड़ों के cutting / translocation हेतु वन विभाग से अनापत्ति

प्रमाण पत्र मिल गया है, जिसे संवेदक को उपलब्ध करा दिया गया है | पथ के चैनेज – 6, 7, 8, 9 एवं 10 के अंश में कई pots पाये गये | संवेदक का कोई प्रतिनिधि (तकनीकी / गैर तकनीकी कर्मी) उपस्थित नहीं थे | कार्य का एकरारनामा हुए लगभग 9 माह बीत जाने के उपरांत भी कार्य की प्रगति नगण्य होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई |

पूरे पथांश में दिनांक – 06.03.2026 को कहीं भी कार्य प्रगति पर नहीं पाया गया | संवेदक द्वारा कार्य में शिथिलता बरती जा रही है | पथ में उभरे pots & patches (फोटोग्राफ संलग्न) के कारण दुर्घटना संभावित है | कार्यपालक अभियंता के स्तर पर अनुश्रवण की कमी प्रतीत होता है | कार्यपालक अभियंता को पथ का निरीक्षणोपरान्त कार्य की प्रगति अपेक्षित नहीं पाये जाने की स्थिति में S.B.D. एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के अनुरूप संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी सहित विभाग को अवगत कराने हेतु निदेशित किया जाता है |

2. **शिवहर – मीनापुर – कॉंटी पथ (20.43 to 29.80 km, कुल लम्बाई – 9.37 km) का चौड़ीकरण मजबूतीकरण कार्य**

(क) प्रारम्भ बिन्दु :- नरवारा
(ख) अंतिम बिन्दु :- हनुमान चौक
(ग) पथ की लम्बाई :- 9.370 कि०मी०
(घ) कार्यारम्भ की तिथि :- 04.07.2025
(ड़) कार्य समाप्ति की तिथि :- 03.01.2027
(च) संवेदक का नाम :- M/S अम्बर इन्फ्राप्रोजेक्ट प्रा० लि०

यह पथ नरवारा से प्रारम्भ होकर हनुमान चौक तक जाती है | पथ प्रमंडल संख्या – 2, मुजफ्फरपुर के क्षेत्राधीन इस पथ की कुल लम्बाई 20.430 से 29.800 कि०मी० (9.370 कि०मी०) है | इस पथ में "प्रगति यात्रा" अन्तर्गत चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य प्रगति पर है |

कनीय अभियंता द्वारा बतलाया गया कि पथ में G.S.B. एवं W.M.M. का कार्य – 2x1.2 km कराया गया है | कुछ पथांश में C&G एवं electric pole shifting का कार्य हुआ है | पेड़ों के cutting / translocation हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया है, जिसे संवेदक को उपलब्ध करा दिया गया है | संवेदक द्वारा कुछ पथांश में पेड़ों की cutting किया जा रहा है | कार्य का एकरारनामा हुए लगभग 8 माह बीत जाने के उपरांत कार्य की प्रगति नगण्य होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई | पथ के CH – 23, 24, 25, 26 आदि पथांशों में pots पाये गये (फोटोग्राफ संलग्न) | जिसे Motrable करने हेतु निदेशित किया गया | कार्यपालक अभियंता के स्तर पर अनुश्रवण की कमी प्रतीत होता है | कार्यपालक अभियंता को पथ का निरीक्षणोपरान्त कार्य की प्रगति अपेक्षित नहीं पाये जाने की स्थिति में S.B.D. एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के अनुरूप संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी सहित विभाग को अवगत कराने हेतु निदेशित किया जाता है |

**(3) शिवहर – मीनापुर – कॉंटी पथ (00.00 to 20.430 km)**

(क) प्रारम्भ बिन्दु :- शिवहर
(ख) अंतिम बिन्दु :- नरवारा चौक
(ग) पथ की लम्बाई :- 20.43 कि०मी०
(घ) कार्यारम्भ की तिथि :- 25.11.2025
(ड़) कार्य समाप्ति की तिथि :- 28.11.2027
(च) संवेदक का नाम :- M/S गणेश राम दोकानियाँ

यह पथ शिवहर से प्रारम्भ होकर नरवारा तक जाती है | पथ प्रमंडल, शिवहर के क्षेत्राधीन इस पथ की कुल लम्बाई 0.00 से 20.430 कि०मी० (20.430 कि०मी०) है | इस पथ में "प्रगति यात्रा" अन्तर्गत चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य कराया जाना है |

सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि पथ में C&G – 4.023 km, E/W – 2.73 km, GSB – 1.355 km कार्य कराया गया | पथ के कुछेक पथांश में छोटे – छोटे pots पाये गये, जिसे Motrable करने हेतु निदेशित किया गया | संवेदक के प्रतिनिधि के साथ Camp office का निरीक्षण किया गया | जहाँ पर Batch mix plant एवं अन्य यंत्र – संयंत्र स्थापित की जा रही है | Camp office पर निर्माण सामग्रियों का संग्रहण किया हुआ पाया गया | Pre construction कार्य प्रगति पर पाया गया | संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बतलाया गया कि वन विभाग से NOC प्राप्त होने पर उनके Camp office पर उपलब्ध संसाधनों का समेकित उपयोग कर कार्य में पर्याप्त तेजी लायी जायेगी एवं कार्य ससमय पूर्ण करा ली जायेगी | सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि वन विभाग से NOC प्राप्त करने की कार्रवाई अंतिम चरण में है | NOC शीघ्र प्राप्त करने एवं कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया |

**(4) सीतामढ़ी – रीगा - ढ़ेग पथ के CH – 16 वें एवं 17 वें km में 900 x 750 mm आकार के नाला (लम्बाई – 1300 m) का निर्माण कार्य वर्ष 2025 – 26**

(क) पथ की लम्बाई :- 1300 मी०
(ख) कार्यारम्भ की तिथि :- 23.09.2025
(ग) कार्य समाप्ति की तिथि :- 22.03.2026
(घ) संवेदक का नाम :- प्रेमशीला देवी

उक्त कार्य को संवेदिका श्रीमती प्रेमशीला देवी द्वारा किया जा रहा है | कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि RCC नाला का आकार 600 mm x 750 mm तथा कुल लम्बाई 1300 m है, जिसमें 950 m लम्बाई में नाला निर्मित हो चुका है | कार्य प्रगति पर है | जल निकासी हेतु निर्माण किये जा रहे नाले में पर्याप्त मात्रा में opening यथोचित ढाल में दृष्टिगोचर नहीं हुआ | कनीय अभियंता द्वारा बतलाया गया कि पर्याप्त मात्र में opening नाले में दी गयी है | निर्मित नाला के बगल में खुदाई की गयी मिटटी के भराव के कारण opening ढक गया है | मिट्टी भराव को शीघ्र हटवाते हुए opening को साफ करने हेतु निदेशित किया गया |

कनीय अभियंता को यथोचित ढलाव के साथ नाला निर्माण करने तथा नाला निर्माण कार्य ROW के अंत से कराये जाने हेतु निदेशित किया गया |

अन्यान्य :-

(5) (A) जिलाधिकारी महोदया, शिवहर से उनके कार्यालय कक्ष में शिवहर जिला से संदर्भित, प्रस्तावित / कार्यान्वित योजनाओं के सन्दर्भ में वार्त्ता की गयी | जिसका मुख्य अंश निम्नवत् है |

(i) शिवहर जिले से गुजरनेवाली 'रामजानकी मार्ग', 'गोरखपुर – सिल्लीगुड़ी एक्सप्रेसवे' एवं 'रक्सौल हल्दिया लाईन' भारत सरकार की प्रस्तावित महत्वाकांक्षी जनोपयोगी परियोजना है | प्रस्तावित योजना "रामजानकी मार्ग(4 lane)" एवं "सिल्लीगुड़ी एक्सप्रेसवे (6 lane)" के सन्दर्भ में बतलाया गया कि रामजानकी मार्ग शिवहर जिले में लगभग 21.60 कि०मी० लम्बाई में सिल्लीगुड़ी एक्सप्रेसवे के संरेखण को follow करेगी | एक्सप्रेसवे में Controlled access, High speed limit (100 to 120 km/h), Multilane, Divider

safety barrier, No at grade crossing, Modern facilities etc की मुख्य विशेषताएँ होती है | "रामजानकी मार्ग के उद्देश्यों की पूर्ति के आलोक में गोरखपुर सिल्लीगुड़ी एक्सप्रेसवे में रामजानकी मार्ग के merger एवं demerger (लगभग 21.60 कि०मी० शिवहर जिला में) के बीच भी Access आवश्यक हो गया है | विदित हो कि शिवहर जिला मुख्यालय के नजदीक NH-227 पर प्राचीन, ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध "देकुली धाम (शिवमंदिर)" अवस्थित है | दूर – दूर से श्रद्धालु जलाभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान हेतु यहाँ सालो भर आते रहते है | इस ऐतिहासिक "देकुली धाम (शिवमंदिर)" का जीर्णोधार कार्य बिहार सरकार द्वारा किया गया है | गोरखपुर – सिल्लीगुड़ी एक्सप्रेसवे से "देकुली धाम" की सम्पर्कता प्रदान किया जाना पर्यटकीय दृष्टिकोण से भी वर्तमान परिपेक्ष्य में अति आवश्यक है | इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी महोदया द्वारा सुझाव दिया गया कि शिवहर जिला के शहरीय क्षेत्र से पहले एवं शिवहर जिला शहरीय क्षेत्र के बाद (देकुली धाम के नजदीक) सम्पर्कता (Access) एवं प्रस्तावित सीतामढ़ी – शिवहर रेलवे लाईन के प्रस्तावित स्टेशनों / हाल्ट जो गोरखपुर – सिल्लीगुड़ी एक्सप्रेसवे के सरेखण के नजदीक हो वहाँ पर सम्पर्कता (Access) प्रदान किया जाना जनउपयोगी एवं आवश्यक है | तद्आलोक में वार्त्ता में उपस्थित सहायक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यपालक अभियंता को सहयोग प्रदान कर उनसे Access हेतु तकनीकी प्रतिवेदन जिलाधिकारी, शिवहर को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया | तदुपरान्त कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी से मोबाईल पर वार्त्ता कर विषय वस्तु से अवगत कराते हुए शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया |

(ii) प्रगति यात्रा अंतर्गत शिवहर – मीनापुर – कोंटी (0 to 20.43 km) (4lane) पथ कार्यों की धीमी प्रगति पर जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा चिंता व्यक्त की गयी | इस सन्दर्भ में बतलाया गया कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण संवेदक द्वारा संशाधनो का समेकित उपयोग नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है | जिलाधिकारी महोदया द्वारा इस सन्दर्भ में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया | जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर वन विभाग से अनापत्ति (NOC) प्रमाण – पत्र प्राप्त करने हेतु एवं कार्यो में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया |

(iii) जिलाधिकारी महोदया, शिवहर द्वारा शिवहर शहर के जाम की समस्या एवं सुगम यातायात हेतु ग्रीन फिल्ड से होकर बाईपास की आवश्यकता के आलोक में विमर्श किया गया | उनके द्वारा पहतेहपुर से कुशहर होते हुए देकुली धाम इत्यादि होते हुए बाईपास हेतु यथा संभव स्थायी संरचना यथा स्कूल, मकान, मंदिर, मस्जिद, शमशान, कब्रगाह इत्यादि को छोड़ते हुए feasibility report उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया | तद्आलोक में सहायक अभियंता को कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर को अवगत कराते हुए शीघ्र तद्नुरूप feasibility report जिलाधिकारी, शिवहर को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया |

(iv) SH – 54 (शिवहर – बेलवाघाट) पथ के 2.40 कि०मी० मिसिंग लिंक पथ में पथ निर्माण हेतु कुल 27.825 एकड़ भू – अर्जन कार्य लंबित है | सहायक अभियंता द्वारा बतलाया गया कि गत माह ही भू – अर्जन हेतु आवंटित राशि को DLAO, शिवहर को उपलब्ध करा दी गई है | जिलाधिकारी महोदया द्वारा भू – अर्जन कार्य के निष्पादन में सहयोग हेतु आश्वासन दिया गया |

5 (B) कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय कक्ष में कार्यालय कार्यो से संदर्भित जानकारी प्राप्त की गयी | कार्यपालक अभियंता द्वारा मोबाईल पर बताया गया कि वे रसलपुर – बाजपट्टी – गाढ़ा पथ में है, अतएव अल्प अवधि में कार्यालय में उपस्थित होने में असमर्थ है | पृच्छा के क्रम में संबंधित कार्यालय के निम्नवर्गीय लिपिक द्वारा बतलाया गया कि सम्प्रति प्रमंडलीय क्षेत्राधीन विभिन्न सरकारी विद्यालयों द्वारा दूरी से संबंधित प्रमाण पत्र निर्गत करने का आवेदन प्राप्त हो रहा है, जिसका ससमय निष्पादन कर दिया जाता है | इस सम्बन्ध में संदर्भित तकनीकी / गैर तकनीकी कर्मियों को उक्त प्रमाण पत्र निर्गत में विलम्ब न हो सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया | कार्यपालक अभियंता को इससे संदर्भित आवेदनों का व्यक्तिगत स्तर पर निरंतर अनुश्रवण करने एवं विलम्ब की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों को चिन्हित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया |

09/03/2026

अधीक्षण अभियंता

उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर |

दिनांक :- 09/03/26

ज्ञापांक :- 397

प्रतिलिपि - मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च उत्तर उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, दरभंगा / अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, मुजफ्फरपुर / कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, छपरा / कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी को कंडिका 5A (i) के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ |

09/03/2026.

अधीक्षण अभियंता

उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर |

दिनांक :- 09/03/2026

ज्ञापांक :- 397 अनु०

प्रतिलिपि - कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या – 1 / 2, मुजफ्फरपुर / सीतामढ़ी / शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

अनु० – यथोक्त |

अधीक्षण अभियंता

उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर |

दिनांक :- 09/03/2026

ज्ञापांक :- 397

प्रतिलिपि - मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित |

अधीक्षण अभियंता

उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर |